पत्रिका

**Crime News: नकली फेवी क्विक बेचने वाले दुकानदार के खिलाफ केस दर्ज, अवैध शराब की तस्करी करते युवक गिरफ्तार**




Crime News: व्यापार विहार स्थित नरेश ट्रेडिंग दुकान में नकली फेवी क्विक बेचने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी कमलेश माखीजा के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। मेसर्स पिडिलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अधिकृत प्रतिनिधि दीपक कुमार की शिकायत पर पुलिस को नरेश ट्रेडिंग दुकान में 1170 नकली फेवी क्विक के पाउच मिले।

पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने इसे रायपुर से मंगाया था। मौके पर वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाने के कारण नकली फेवी क्विक जब्त कर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

Source: https://www.patrika.com/bilaspur-news/crime-news-case-filed-against-shopkeeper-selling-fake-feviquick-19637916